सभी अखबारों में विज्ञापन छपवाने के लिए सम्पर्क करें
PAAVAN ADVERTISER
9811288839, 9311288839

राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचारपत्र

# पावन संसार

सच का आगाज़

संस्थापक : श्री संतोष कुमार RNI No. DELHIN/2011/40220 Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26 Date of Publication:- 27-03-2025

E-mail : paavansansar@gmail.com | paavansansar@yahoo.com www.paavansansar.com

पावन संसार में विज्ञापन, समाचार आदि देने हेतु सम्पर्क करें!
राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचारपत्र
पावन संसार
सच का आगाज़
डी-4, सेफवे हाऊस, प्रथम मंजिल, डी-ब्लॉक, सैन्ट्रल मार्किट, प्रशांत विहार, दिल्ली-85
9311288839

वर्ष 14, अंक 32 नई दिल्ली, 27 मार्च से 02 अप्रैल 2025, संपादक - वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल - 09811288839, सह संपादक - आर.पी. चौहान - 9213513590, कुल पृष्ठ संख्या-12 ₹ 5

# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल प्रोग्रेस टीम की ऐतिहासिक बढ़त, भारी समर्थन से जीत तय
















## 165 करोड़ जुटाकर कैंसर विंग तथा मेडिकल कॉलेज शुरू करने का संकल्प
## ट्रस्टियों के सम्मान व सुविधा के लिए नई योजनाएं

पंजाबी बाग (सं.)। **महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट, पंजाबी बाग** के चुनाव में **प्रोग्रेस टीम** ने जबरदस्त बढ़त बना ली है। **अध्यक्ष पद की उम्मीदवार श्रीमती मीना सुभाष गुप्ता** और उनकी टीम को टंस्टियों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क अभियानों और पदयात्राओं में जिस तरह का उत्साह और समर्थन देखने को मिल रहा है, उससे यह साफ है कि **प्रोग्रेस टीम** एक ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है।

## बढ़ेगी सेवा, बढ़ेगा काम 24 घंटे रहुगी हाज़िर, मीना सुभाष गुप्ता का ऐलान

**पदयात्राओं में मिला अपार समर्थन, टंस्टियों ने प्रकट किया अटूट विश्वास** – **श्रीमती मीना गुप्ता एवं उनकी टीम** के प्रत्याशियों ने **विरेन्द्र कुमार गर्ग** के नेतृत्व में ईस्ट पंजाबी बाग, वेस्ट पंजाबी बपग, मुल्तान नगर, जनकपुरी एवं शिवाजी पार्क के टंस्टियों के घर–घर जाकर समर्थन मांगा। इन यात्राओं में टंस्टियों ने खुलकर आशीर्वाद दिया, प्रत्याशियों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। हर तरफ प्रोग्रेस टीम के पक्ष में माहौल दिखा, जो इस चुनाव में उनकी भारी जीत का संकेत है।

**जनकपुरी में सैकड़ों टंस्टियों का एकजुट समर्थन** – सोमवार, 24 मार्च को जनकपुरी में आयोजित एक भव्य मीटिंग में सैकड़ों टंस्टियों ने भाग लिया और प्रोग्रेस टीम को पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया। इस दौरान टंस्टियों ने **प्रोग्रेस टीम** के विजन और **165 करोड़** जुटाने के अभियान को सफल बनाने की प्रतिज्ञा की। मीटिंग के दौरान कई लोगों ने टंस्टियों की सदस्यता ग्रहण करने की भी घोषणा की, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि **प्रोग्रेस टीम** का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इस अवसर पर **डॉ. सुशील कुमार गुप्ता, श्रीमती मीना सुभाष गुप्ता एवं डॉ. विरेन्द्र कुमार गर्ग** ने अपने विचार रखते हुए टंस्टियों को आश्वस्त किया कि उनकी टीम हॉस्पिटल और समाज के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का संकल्प** – इस अवसर पर **डॉ. सुशील कुमार गुप्ता** ने आश्वासन दिया कि **श्रीमती मीना सुभाष गुप्ता** के नेतृत्व में **प्रोग्रेस टीम** न केवल कैंसर विंग का कार्य जल्द पूरा करेगी, बल्कि बहादुरगढ़ यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य भी शीघ्र ही संपन्न कर समाज को समर्पित करेगी। इसके लिए आवश्यक धनराशि जुटाने के लिए भी ठोस योजना बनाई गई है। उन्होंने टंस्टियों से अपील की कि 30 मार्च को होने वाले चुनाव में अपनी बहुमूल्य वोट देकर प्रोग्रेस टीम को भारी मतों से विजयी बनाएं और हॉस्पिटल की सेवा का अवसर प्रदान करें।

**प्रोग्रेस टीम की ऐतिहासिक जीत तय** – अब यह स्पष्ट हो गया है कि प्रोग्रेस टीम न केवल एक मजबूत नेतृत्व प्रदान कर रही है, बल्कि टंस्टियों के दिलों में भी जगह बना चुकी है। पदयात्राओं, जनसंपर्क अभियानों और विशाल बैठकों में मिल रहे जबरदस्त समर्थन ने यह साबित कर दिया है कि 30 मार्च को **महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चौरिटेबल ट्रस्ट, पंजाबी बाग** के चुनाव में **प्रोग्रेस टीम** की ऐतिहासिक जीत तय है।


रुपया 1 RUPEE
ईंट एक रुपया एक ईंट
चुनाव चिन्ह

### प्रेरणास्त्रोत



स्व. श्री कस्तूरी लाल अग्रवाल, स्व. चौधरी केहर सिंह, स्व. श्री धर्मपाल गुप्ता, स्व. श्री मुंशी राम गुप्ता, स्व. श्री सुभाष गुप्ता, स्व. श्री राम भरोसे लाल, स्व. श्री हरनारायण गोयल, स्व. श्री केदार नाथ गुप्ता

### सम्मानित पूर्व प्रधान



श्री गंगा बिशन गुप्ता, श्री दयालचन्द गर्ग, डॉ. राम कुमार गुप्ता, श्री गजानन्द सॉवड़िया, श्री कृष्णलाल बंसल, श्री नरेश ऐरन प्रधान (महाराजा अग्रसेन इंटरनैशनल हॉस्पिटल)

## महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल प्रोग्रेस टीम



डॉ. सुशील गुप्ता
पूर्व प्रधान

**प्रत्याशी : वरिष्ठ उपप्रधान**



कुनाल बंसल ट्रस्ट, प्रेम गर्ग बहादुरगढ़, अशोक कुमार गर्ग द्वारका, सतपाल गुप्ता नारायणी देवी

**प्रत्याशी : महामंत्री**



त्रिलोकीनाथ गोयल ट्रस्ट, डॉ. दरवेश बंसल ट्रस्ट, संजय गुप्ता बहादुरगढ़

**प्रत्याशी : कोषाध्यक्ष**



विनोद बंसल ट्रस्ट

**प्रत्याशी : कंट्रोल बोर्ड सदस्य**



वकील चंद सिंघल, आई. सी. बंसल, अनिल गुप्ता (घी वाले), महावीर गोयल, जितेन्द्र गुप्ता

रुपया 1 RUPEE
ईंट एक रुपया एक ईंट
चुनाव चिन्ह

**प्रत्याशी : उपप्रधान**



अनिल गुप्ता ट्रस्ट, हरस्वरूप गोयल ट्रस्ट, पवन गर्ग ट्रस्ट, श्रीनिवास गुप्ता बहादुरगढ़, संत राम गोयल बहादुरगढ़, हरीराम गर्ग बहादुरगढ़, सतपाल गर्ग (दीपाली टैन्ट) द्वारका, रितु गुप्ता नारायणी देवी

**प्रत्यशी : सह-कोषाध्यक्ष**



सुरेश कुमार गुप्ता द्वारका, अशोक गुप्ता बहादुरगढ़, सत्यदेव गोयल नारायणी देवी

**प्रत्याशी : मंत्री**



धर्म पाल जैन ट्रस्ट, आनंद प्रकाश गोयल ट्रस्ट, ऊषा रानी सिंघल ट्रस्ट, अशोक गुप्ता (सकरनी) बहादुरगढ़, ओ. पी. गर्ग बहादुरगढ़, संजय गर्ग बहादुरगढ़, हंस राज गोयल द्वारका, अशोक गुप्ता नारायणी देवी



डॉ. मीना सुभाष गुप्ता
प्रत्याशी : प्रधान पद

**प्रत्याशी : सलाहकार बोर्ड सदस्य**



डॉ. कृष्ण सिंगला, विजय बंसल, सज्जन कुमार गुप्ता, गंगाराम गोयल, अविनाश बंसल, राज कुमार गोयल, श्री निवास गर्ग, नीतू गर्ग, दर्शन महाजन, अनिल कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार (भैया जी)

**चुनाव दिनांक : 30 मार्च 2025 समय प्रातः 9 बजे से**

**चुनाव स्थान : अग्रवाल बगीची, रोड नं. 10, ईस्ट पंजाबी बाग**

# VOTE • SUPPORT • ELECT



जय श्री राम | ॐ नमः शिवाय | जय श्री राम

# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट चुनाव 2025, पंजाबी बाग, दिल्ली

## बुजुर्गों के विचारों को हम नया आयाम देंगे VOTE SUPPORT ELECT

### निवेदक



श्री तारा चंद गोयल | श्री रामजी दास गोयल | सीए अमरनाथ सिंघला | श्री आनंद प्रकाश गुप्ता | श्री वैद जैन | श्री भजनलाल सिंघला | श्री रविन्द्र गोयल उचानियां | श्री सतपाल सिंघल | श्री प्रेम गर्ग | श्री प्रवीण कुमार गर्ग | श्री राम पाल गुप्ता | श्री संजय जिंदल



श्री राज कुमार बंसल | श्री सत्यवान गर्ग | श्री अशोक गुप्ता | श्री अशोक कुमार अग्रवाल | श्री राकेश गर्ग | श्री विनोद गर्ग | श्री पवन मित्तल | श्री प्रवीन गुप्ता | श्री मदन लाल गुप्ता | श्री राजेश गोयल | श्री रामलाल सिंघला | श्री पवन गोयल



श्री अशोक कुमार गोयल | श्री प्रेम जैन | श्री अमित जिंदल | श्री राम अवतार सिंघल | श्री पवन कुमार बंसल | श्री सुशील बंसल | श्री धर्म पाल गोयल | श्री रामफल सिंगल | श्री बजरंग गर्ग | श्री केवल कुमार सिंघला | श्री अनिल गुप्ता | श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल



श्री धर्मवीर सिंघल | श्री ओम प्रकाश | श्री पवन सिंगला | श्री श्रवण गोयल | श्री जयप्रकाश तायल | श्री ओम प्रकाश गर्ग | श्री अनिल सिंगल | श्री धर्मवीर गर्ग | श्री विजय गुप्ता | श्री सुरेश गर्ग | श्री प्रवीण गुप्ता | श्री मोहन लाल गर्ग



श्री चांदनी गोयल | श्री बृजभूषण गोयल | श्री सुभाष गर्ग | श्री मोती राम अग्रवाल | श्री संजीव कुमार गोयल | श्री अनिल गर्ग | श्री योगेश बंसल | श्री हिम्मत राय गर्ग | श्री राजेश सिंघल | श्री दीपक बंसल | श्री अशोक गर्ग | श्री राम दर्शन अग्रवाल



श्री मुकेश कुमार गोयल | श्री सचिन सिंघल | श्री विनोद अग्रवाल | श्री सुशील कुमार गर्ग | श्री अशोक मित्तल | श्री सुरेश बंसल | श्री हेमराज गुप्ता | श्री संजय अग्रवाल | श्री संजीव गोयल | श्री राम बाबू गर्ग | श्री राजेन्द्र बंसल | श्री श्याम सुंदर गोयल



श्री गौरव सिंघल | श्री पवन सिंघल | श्री सचिन सिंघल | श्री अशोक कुमार अग्रवाल | श्री राजेश बंसल | श्री श्याम लाल मित्तल | श्री प्रविण अग्रवाल | श्री मनोज सिंघल

# सुनील गोयल : समाज सेवा का एक प्रेरणास्रोत

**पंजाबी बाग (सं.)।** दिल्ली और गाजियाबाद में सामाजिक सेवा और धर्म परायणता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले **श्री सुनील गोयल जी** ने अपने जीवन को समाज सेवा और परोपकार के लिए समर्पित कर दिया है। वे पिछले 18 वर्षों से मायापुरी कांवड़ संघ के माध्यम से लाखों शिव भक्तों की सेवा कर रहे हैं। शुरुआत में, धौला कुआं में एक छोटे से भंडारे से शुरू हुई इस सेवा ने अब गाजियाबाद हिंडन नदी के किनारे विशाल कांवड़ शिविर का रूप ले लिया है, जिसके लिए उन्हें जिले का सबसे बड़ा कांवड़ शिविर पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

**समाज सेवा में अनुकरणीय योगदान** – **सुनील गोयल जी** ने सिर्फ धार्मिक सेवाओं तक ही सीमित न रहते हुए समाज के वंचित और असहाय लोगों की सहायता के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने 10–12 साथियों के साथ मिलकर एक वृद्ध आश्रम की स्थापना की, जो आज करोड़ों के प्रोजेक्ट के रूप में विकसित होकर समाज को समर्पित हो चुका है। इस आश्रम में असहाय बुजुर्गों की सेवा की जा रही है और हजारों लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ा गया है।

**धार्मिक स्थलों के निर्माण में योगदान** – धर्म के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण का ही परिणाम है कि जब उन्होंने अयोध्या और खाटू श्याम जी में धर्मशालाओं के निर्माण का संकल्प लिया, तो कुछ ही समय में हजारों धर्म प्रेमी इस कार्य से जुड़ गए। वर्तमान में दोनों धर्मशालाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही ये समाज को समर्पित कर दी जाएंगी।

**महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट के चुनाव में वरिष्ठ उपप्रधान पद (द्वारका) के प्रत्याशी** – अब, **श्री सुनील गोयल जी** ने समाज के कल्याण के उद्देश्य से **महाराजा अग्रसेन हॉस्टिपल**, वरिष्ठ उपप्रधान पद (द्वारका) के लिए नामांकन किया है। वे बिना किसी टीम के, केवल समाज के आशीर्वाद से इस चुनाव में भाग ले रहे हैं। अस्पताल की संस्थाओं और ट्रस्टियों से मिलकर उन्हें भरपूर समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

**समाज कल्याण में निरंतर अग्रणी** – **श्री सुनील गोयल जी** ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए निस्वार्थ सेवा की है: उन्होंने निर्धन कन्याओं के लिए प्रतिवर्ष 21 विवाह संपन्न कराए हैं, अपना घर वृद्ध आश्रम, नजफगढ़ का संचालन कर रहे हैं, जहां असहाय बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन मिल रहा है, खाटू श्याम जी, जयपुर में 750 गज में धर्मशाला निर्माण कर रहे हैं, जो 2025 में समाज को समर्पित की जाएगी साथ ही 2025 में पहली बार यहा भंडारा भी लगाया। अयोध्या में 4000 गज की धर्मशाला की बाउंड्री करवाई, जिसका निर्माण कार्य जारी है। जब भी समाज पर कोई विपत्ति आई, उन्होंने तन–मन–धन से जरूरतमंदों की सहायता की।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्धता** – अगर वे महाराजा अग्रसेन हॉस्टिपल, द्वारका के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होते हैं, तो उनका मुख्य उद्देश्य यह रहेगा कि बुजुर्गों और गरीबों को मुफ्त चिकित्सा सेवा मिले। वे अस्पताल के ट्रस्ट के लिए वित्तीय सहायता जुटाने और अस्पताल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**चुनाव तिथि एवं अपील** – **महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चौरिटेबल ट्रस्ट** के **चुनाव 30 मार्च 2025** को होने जा रहे हैं। समाज के सभी सदस्यों से अपील है कि वे **श्री सुनील गोयल जी** को अपना समर्थन देकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वे अपनी सेवा भावना को और अधिक विस्तार दे सकें।

**श्री सुनील गोयल जी** की सामाजिक एवं धार्मिक सेवाएं न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करती हैं।



# सुनील गोयल

## प्रत्याशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष (द्वारका)

के उम्मीदवार

को अपना कीमती वोट देकर भारी बहुमत से विजयी बनाएं

मो. 98733 52650



श्री घनश्याम गुप्ता जी ने अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है और जीत के लिए श्री खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद दिलवाया है



चुनाव चिन्ह
धनुष बाण

**प्रमुख सामाजिक संस्थाएं एवं पद**

अपना घर वृद्ध आश्रम (संस्थापक प्रधान)

मायापुरी कांवड़ संघ (संस्थापक प्रधान)

मायापुरी कांवड़ सेवा धाम, (निर्माणाधीन धर्मशाला, अयोध्या)) (संस्थापक प्रधान)

मायापुरी कांवड़ सेवा धाम, (निर्माणाधीन धर्मशाला, खाटूश्यामजी), (संस्थापक प्रधान)

रुपया 1 RUPEE

एक रुपया एक ईंट

चुनाव चिन्ह



डॉ. सुशील गुप्ता
पूर्व प्रधान

श्रीमती मीना सुभाष गुप्ता
प्रत्याशी : प्रधान पद

प्रेरणास्त्रोत



स्व. श्री कस्तूरी लाल अग्रवाल, स्व. चौधरी केहर सिंह, स्व. श्री धर्मपाल गुप्ता, स्व. श्री मुंशी राम गुप्ता, स्व. श्री सुभाष गुप्ता, स्व. श्री राम भरोसे लाल, स्व. श्री हरनारायण गोयल, स्व. श्री केदार नाथ गुप्ता

सम्मानित पूर्व प्रधान



श्री गंगा बिशन गुप्ता, श्री दयालचन्द गर्ग, डॉ. राम कुमार गुप्ता, श्री गजानन्द साँवड़िया, श्री कृष्णलाल बंसल, श्री नरेश ऐरन प्रधान (महाराजा अग्रसेन इंटरनैशनल हॉस्पिटल)

# महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल प्रोग्रेस टीम

## PROGRESS TEAM की 10 गारंटी

- महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग में **13 मंजिला** कैंसर विंग
- महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग में बिस्तरों की संख्या को **300 से बढ़ा के 600** किया जाएगा
- बहादुरगढ़ मेडिकल कॉलेज में **2026 से MBBS** के एडमिशन
- **150 फ्यूचर डॉक्टर्स** हर साल एक साथ करेंगे नए भविष्य की शुरुआत
- बहादुरगढ़ में **मेडिकल यूनिवर्सिटी** की शुरुआत
- बहादुरगढ़ में **350 बिस्तरों** की क्षमता को बढ़ा कर **750** किया जाएगा
- द्वारका हॉस्पिटल में **अत्याधुनिक उपकरणों** को लगाया जाएगा
- **नारायणी देवी नेचुरोपैथी केंद्र** में एक वर्ष तक ट्रस्टीज को **नि:शुल्क सेवाए** दी जाएगी

**ट्रस्टी Privilege**

- EWS श्रेणी के कार्ड को प्राथमिकता देना और उन्हें डिजिटलाइज करने का वादा
- ट्रस्टी मेंबर्स को इकोनॉमी कैटेगरीज़ में मरीजों को 20% छूट ट्रस्टी हेल्पलाइन में फोन करके देने की पावर

**Parking facility**

- पंजाबी बाग में **23 मंजिला** कार पार्किंग
- **500 गाड़ियों** की जगह होगी तैयार



**अशोक गुप्ता सकरनी**
चेयरमैन सकरनी ग्रुप
प्रत्याशी मंत्री पद, बहादुरगढ़

## प्रोग्रेस टीम को बहुमूल्य वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाएं

पावन वचन

# नेत्र दान करें

## सम्पादकीय

# दिल्ली के विकास की नई दिशाः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ऐतिहासिक बजट



वी.के. अग्रवाल
संपादक

27 वर्षों के अंतराल के बाद सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 25 मार्च 2025 को दिल्ली विधानसभा में एक लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया। यह बजट पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 31.5% अधिक है, जो राजधानी के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**बुनियादी ढांचे में निवेशः** बजट में 28,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया है, जो सड़क, पुल, जल निकासी, परिवहन और अन्य सार्वजनिक सेवाओं के सुधार में खर्च होगा। यह निवेश दिल्ली को एक स्मार्ट और आधुनिक शहर में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**स्वास्थ्य सेवा में सुधारः** आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए, दिल्लीवासियों को अब 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए गए 5 लाख रुपये के कवर के अतिरिक्त, दिल्ली सरकार 5 लाख रुपये का टॉप–अप प्रदान करेगी।

**महिला सशक्तिकरण** – महिला समृद्धि योजना के तहत 5,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। यह कदम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**शिक्षा और सुरक्षा** – शिक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ाते हुए, स्कूलों में नई कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए 50 करोड़ रुपये और छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के लिए 7.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, 50,000 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करने के लिए 3,843 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

**विपक्ष की प्रतिक्रिया** – विपक्ष ने बजट को हवा हवाई बताते हुए इसकी आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने दावा किया कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती की गई है, जिससे सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

**निष्कर्ष** – मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत यह बजट दिल्ली के विकास की नई दिशा तय करता है। बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने से राजधानी के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद है। हालांकि, विपक्ष की चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आवश्यक होगा कि सरकार बजट प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करे और सुनिश्चित करे कि विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचें।

paavansansar@gmail.com

सभी अखबारों में विज्ञापन छपवाने के लिए सम्पर्क करें

Matrimonial | Property / To-let | Education
Situation Vacant | Change of Name | Lost
Business | Public Notice | बेदखल सूचना

The Hindustan Times — नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान
The Times of India — दैनिक जागरण, पंजाब केसरी
Indian Express — दैनिक भास्कर, संदेश, DLA
The Hindu — आज समाज, विराट वैभव
Statesman — राज ऐक्सप्रेस, जनसत्ता
Woman's Era — अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा
Tribune — गृहशोभा, गृहलक्ष्मी
Femina — सरिता, राजस्थान पत्रिका

PAAVAN ADVERTISER
D-4, Office No.3 & 4, Safeway House
1st Floor, Central Market, Prashant
Vihar, Rohini (Opp. PVR) Delhi-85
E-mail:- paavanad@yahoo.com



V.K. Aggarwal
9311288839,9811288839

# राउज एवेन्यू कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के नतीजे घोषित, अध्यक्ष बने नीरज (समर्थकों ने किया स्वागत)



**नई दिल्ली (सं.)।** राउज एवेन्यू कोर्ट में सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे भी घोषित हो चुके हैं। नीरज ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। जीत की घोषणा होने के बाद उनके समर्थकों ने फूल–माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान जीते हुए प्रत्याशियों का हौसला और जज्बा देखने लायक था।

समर्थक वकील अपने पसंदीदा उम्मीदवार के जीतने पर एक–दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाते दिखे। यही नहीं, चयनित प्रत्याशी ढोल की थाप पर जमकर थिरके। नीरज ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। विकास त्रिपाठी ने उपाध्यक्ष, विजय बिश्नोई ने सचिव, अभिनव गर्ग ने संयुक्त सचिव और प्रियंका तिवारी ने कोषाध्यक्ष पद पर बहुमत के साथ जीत दर्ज की है।

राउज एवेन्यू कोर्ट में पहली बार सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए हैं। शुक्रवार को शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को देर रात तक मतगणना जारी रही। कुछ पदों की मतगणना को लेकर पक्षकारों के बीच बहस बढ़ने के बाद मतगणना को रोक दिया गया था।

# इंटरटेक इंडस्ट्री ने बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में सफल भागीदारी की




**नई दिल्ली (सं.)।** अर्थिंग सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में एक प्रतिष्ठित नाम, इंटरटेक इंडस्ट्री, ने 19 से 21 मार्च 2025 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में सफलतापूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन ने इंटरटेक को अपनी अत्याधुनिक अर्थिंग तकनीकों को प्रदर्शित करने और विद्युत सुरक्षा तथा नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। 15 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, कंपनी ने अपने उन्नत और विश्वसनीय अर्थिंग सॉल्यूशंस का प्रदर्शन किया, जो विद्युत प्रतिष्ठानों में सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

इंटरटेक ने टिकाऊ और प्रभावी अर्थिंग सिस्टम की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया, जिसमें मार्कोनाइट को प्रमुखता दी गई यह दुनिया का सबसे बेहतरीन कंडक्टिव एग्रीगेट है, जो विभिन्न क्षेत्रों में लोगों और उपकरणों को विद्युत दोषों से बचाने में सहायक सिद्ध होता है।

**नवाचार और सुरक्षा पर केंद्रित इंटरटेक का दृष्टिकोण** – इंटरटेक के दिल्ली पार्टनर, श्री गुरमोहित सिंह, ने कहाः हमारा मुख्य फोकस हमेशा सुरक्षा और नवाचार पर रहा है। अपने समाधानों के माध्यम से, हमने उद्योगों और व्यक्तियों को प्रभावी अर्थिंग के महत्व और विद्युत खतरों को रोकने में इसकी भूमिका के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में 1,00,000 से अधिक विद्युत दुर्घटनाओं से मौतें दर्ज की गई हैं। इस तथ्य को उजागर करते हुए, इंटरटेक ने विश्वसनीय अर्थिंग समाधान की अनिवार्यता पर जोर दिया।

**मार्कोनाइटः एक क्रांतिकारी समाधान** – मार्कोनाइट अर्थिंग सिस्टम 50 वर्षों से अधिक की स्थायित्व अवधि के लिए जाना जाता है। यह स्टेप और टच वोल्टेज से सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे यह औद्योगिक और आवासीय अनुप्रयोगों के लिए एक आदर्श समाधान बन जाता है।

**इंटरटेक के डायरेक्टर, श्री चरनजीत सिंह, ने कहाः** हम सिर्फ अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अर्थिंग सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना भी हमारा कर्तव्य है। इंटरटेक में, हम उद्योगों को सही तकनीक और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि विद्युत दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**इंटरटेक के समाधानः प्रमुख उद्योगों द्वारा अपनाए गए** – इंटरटेक के भरोसेमंद समाधान पहले ही इंडियन ऑयल कॉर्प, पीजीसीआईएल, टाटा स्टील, भारतीय वायु सेना, और अदाणी पावर जैसे प्रतिष्ठित ग्राहकों द्वारा अपनाए जा चुके हैं। इसके माध्यम से फॉल्ट करंट के लिए लो–इम्पीडेंस पाथवे सुनिश्चित किए जा रहे हैं, जिससे विद्युत जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सके।

**भविष्य की दिशा** – बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में इंटरटेक की भागीदारी ने एक बार फिर इसके ग्राहक–केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत किया, जिससे 99: ग्राहक प्रतिधारण दर सुनिश्चित हुई। कंपनी की विशेषज्ञ टीम पूरे भारत में पावर स्टेशनों, अस्पतालों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उच्च–गुणवत्ता वाली अर्थिंग सॉल्यूशंस और बेहतरीन तकनीकी समर्थन प्रदान करना जारी रखेगी।

# डॉ. के.एन. झा की पुस्तक "ABC ऑफ सीमेंट मार्केटिंग इन इंडिया का भव्य विमोचन






**नई दिल्ली (सं.)।** भारतीय सीमेंट उद्योग में विपणन और बिक्री से जुड़ी गहन जानकारी प्रदान करने वाली डॉ. के.एन. झा की पुस्तक ABC ऑफ सीमेंट मार्केटिंग इन इंडिया का विमोचन द पार्क, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र चौकसे (वरिष्ठ सीमेंट उद्योग कार्यकारी), डॉ. विशाल कानोडिया (एमडी, कानोडिया ग्रुप), डॉ. गौतम कानोडिया (एमडी, कानोडिया हाई–टेक प्रा. लि.), डॉ. के. मोहन सहित कई वरिष्ठ विपणन और तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. के.एन. झा के पास भारतीय सीमेंट उद्योग में 32 से अधिक वर्षों का अनुभव है, जिसमें उन्होंने जेपी ग्रुप और कानोडिया ग्रुप सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। उनकी यह पुस्तक सीमेंट उद्योग के पेशेवरों को विपणन और बिक्री की रणनीतियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। पुस्तक में 11 अध्याय शामिल हैं, जिनमें वैश्विक और भारतीय सीमेंट उद्योग का इतिहास, वर्तमान एवं भविष्य, सीमेंट के गुण, उत्पादन प्रक्रिया, विभिन्न प्रकार के सीमेंट, वितरण एवं वेयरहाउसिंग, मूल्य निर्धारण, ब्रांड बिल्डिंग गतिविधियाँ, व्यापार में होने वाली अनियमितताएँ (अध्ययन सहित), ग्राहक शिकायतें और उनके समाधान सहित उद्योग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई है।

यह पुस्तक सीमेंट उद्योग के विशेषज्ञों, विशेष रूप से बिक्री और विपणन के शीर्ष अधिकारियों द्वारा अत्यधिक सराही गई है। इसे कई प्रतिष्ठित सीमेंट उद्योग के दिग्गजों, विपणन प्रमुखों, तकनीकी विशेषज्ञों, CFOs और प्रमोटर्स ने समर्थन दिया है और उद्योग से जुड़े पेशेवरों को ज्ञानवर्धन और उत्पादकता सुधार के लिए इसे पढ़ने की सिफारिश की है।

इस मौके पर डॉ. के.एन. झा ने कहा कि यह पुस्तक भारतीय सीमेंट विपणन पर पहली पुस्तक है और इसे सीमेंट उद्योग में एक मील का पत्थर माना जाएगा। यह पुस्तक न केवल सीमेंट उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए बल्कि विपणन और बिक्री के छात्रों, शोधकर्ताओं और व्यापारिक रणनीतिकारों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी।

# दिल्ली में खुलेंगे 60 नए सीएम श्री स्कूल, हर बच्चे की अच्छी और सुगम शिक्षा के लिए खोला खजाना

**नई दिल्ली (सं.)।** दिल्ली सरकार ने हर बच्चे को अच्छी और सुगम शिक्षा के लिए अपना खजाना खोल दिया है। सरकार ने वर्ष 2025–26 के कुल 1,00,000 करोड़ रुपये के बजट में शिक्षा के लिए 19,291 करोड़ का प्रावधान किया है। यह कुल बजट का सर्वाधिक 19.29 फीसदी है, हालांकि पिछले साल के मुकाबले करीब दो फीसदी कम है। तत्कालीन आम आदमी पार्टी की सरकार की तरह ही भाजपा की सरकार ने भी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शिक्षा का बजट पेश करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था यदि गरीब छात्र शिक्षा के लिए नहीं पहुंच सकता तो, शिक्षा उसके पास पहुंचनी चाहिए। हमारी सरकार की प्राथमिकता रहेगी कि हर बच्चे को अच्छी और सुगम शिक्षा मिले, वो भी उनके घर के नजदीक हो। सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगामी सत्र 2025–26 से 60 नए सीएम श्री स्कूल खोलेगी। यह स्कूल पीएम श्री स्कूल की तर्ज पर ही खोले जाएंगे। इनमें नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन 2023 लागू किया जाएगा। इन्हें खोलने के लिए 100 करोड़ रुपये की बजट राशि रखी गई है।

वहीं सरकार 1200 छात्रों को निरूशुल्क लैपटॉप देगी। दसवीं के परिणाम के आधार पर 11वीं में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिया जाएगा। इसके लिए 7.5 करोड़ की राशि रखी गई है। वहीं एआई के उपयोग से देशी–विदेशी भाषाएं सिखाई जाएगी। इसके लिए 100 सरकारी स्कूलों में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भाषा प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। इसके लिए 21 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की है। इनमें अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश भाषा सिखाई जाएंगी।

**राष्ट्रनीति के तहत छात्र मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों से करेंगे संवाद** – दिल्ली सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पहली बार राष्ट्रनीति की शुरूआत करने जा रही है। इसके लिए 1.5 करोड़ का विशेष बजट आवंटन किया गया है। इसमें सरकारी स्कूलों के बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को शामिल किया जाएगा। इसके तहत छात्रों को जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय नागरिक बनाने के लिए मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम उन्हें लोकतंत्र, सक्रिय नागरिकता और नीति निर्माण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा। इसमें उन्हें भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों का वर्चुअल दौरा भी करवाया जाएगा।

**जेईई, नीट, क्लैट, सीए और सीयूईटी के लिए मिलेगा मार्गदर्शन** – सरकार जेईई, नीट, क्लैट, सीए और सीयूईटी के मार्गदर्शन के लिए पं मदनमोहन मालवीय विद्या शक्ति मिशन की शुरूआत करने जा रही है। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बनाया गया है। इसके लिए 21 करोड़ की बजट राशि रखी गई है।

**50 करोड़ से 175 कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएंगी** – बजट में सीबीएसई के मानदंडों के अनुसार सरकारी स्कूलों में 175 कंप्यूटर लैब स्थापित करने की घोषणा की गई है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

**20 करोड़ से शुरू होगा नींव प्रोग्राम** – आठवीं से बारहवीं तक के सभी स्कूलों में 20 करोड़ रुपये की राशि से सरकार नींव (न्यू इरा ऑफ इंटरप्रिन्यूरियल इकोसिस्टम एंड विजन) कार्यक्रम शुरू करेगी। यह प्रोग्राम उद्यमिता शिक्षा को वित्तीय और डिजिटल साक्षरता के साथ एकीकृत कर अनुभवी शिक्षा पर जोर देकर छात्रों को कौशलों से लैस किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ की राशि प्रस्तावित की गई है।

**नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं में स्मार्ट कक्षाएं बनेंगी** – दिल्ली सरकार ने नौवीं से बारहवीं तक की सभी कक्षाओं में स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने की घोषणा की है। यह चरणबद्ध तरीके से 7 हजार कक्षाओं को कवर करेगा। इसके तहत पहले चरण में लगभग 2000 कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदला जाएगा। स्मार्ट कक्षाओं में इंटरेक्टिव पैनल, प्रोजेक्टर, ऑडियो–विजुअल एड, व इंटरनेट कनेक्टिविटी होगी। इसके लिए 100 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है।

**तकनीकी शिक्षा के लिए 618 करोड़ का बजट** – दिल्ली सरकार ने स्कूली शिक्षा के साथ–साथ उच्च शिक्षा का भी बजट में ध्यान रखा है। तकनीकी शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं में 618 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इसमें दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय के लिए 230 करोड़ रुपये, नेताजी सुभाष तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए 57 करोड़ रुपये, दिल्ली फॉर्मयूस्टिकल साइंस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के लिए 37 करोड़, इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय के लिए 21.50 करोड़ रुपये और दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए 42 करोड़ रुपये रखे गए हैं। इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) के लिए 68.98 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए हैं।

**चार विश्वविद्यालयों के कैंपस के विस्तार को मिलेगी रफ्तार** – दिल्ली में शिक्षा संरचना को मजबूत करने के लिए नरेला में एक सब सिटी (एडु सिटी) स्थापित की जा रही है। इसके लिए डीडीए ने इंदिरा गांधी तकनीकी महिला विश्वविद्यालय के लिए 160 एकड़ आवंटित की है। वहीं डीडीए ने 1270 फ्लैट चार विश्वविद्यालयों (दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय, दिल्ली फॉर्मस्टियुकल रिसर्च एंड साइंस यूनिवर्सिटी, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, व डीटीयू) को दिए गए हैं। इससे वे नरेला में अपने परिसरों की स्थापना कर सकेंगे। इसके लिए 500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

**शिक्षा बजट की अन्य मुख्य बातें** – आईटीआई पूसा परिसर के पुनर्विकास और आईटीआई शाहदरा परिसर के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 20.65 करोड़ का बजट प्रस्तावित है

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टेट इनक्यूबेशन पॉलिसी के तहत 11 इनक्यूबेशन सेंटर के लिए 2.43 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया हैं

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए कुल 886.15 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..



गणपत गोयल
सुप्रसिद्ध समाजसेवी
पंजाबी बाग

## जागरूक पाठकों के लिए

आप अपने आप–पास होने वाली घटनाओं की जानकारी, स्थानीय समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं, इसके लिए साप्ताहिक समाचार पत्र "पावन संसार" आपका स्वागत करता है। हमें लिख भेजें अपने विचार उन्हें आम और खास आदमी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

सम्पादक – वीरेन्द्र कुमार
फोन : 9311288839, 9811288839
ई–मेल : paavansansar@gmail.com
पता – पावन संसार : डी–4, फर्स्ट फ्लोर, ऑफिस नं. 4, सैन्ट्रल मार्किट, प्रशान्त विहार (रोहिणी), नजदिक पीवीआर सिनेमा, दिल्ली–110085

# 2500 वाली स्कीम पर बड़ा अपडेटः दिल्ली में अब महिलाओं के खाते में आएंगे रुपये, वृद्धा पेंशन बढ़ाने का भी एलान

**नई दिल्ली (सं.)।** विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की सबसे चर्चित योजना महिला समृद्धि योजना को बजट में जगह मिली है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 5,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का यह कदम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने बजट में महिलाओं को कई सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऐसे में इस योजना के तहत कुल लाभ राशि बढ़कर 21,000 रुपये हो जाएगी। साथ ही, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 6 पोषण किट मिलेंगी।

**पालना–राष्ट्रीय क्रेच योजना के लिए 50 करोड़** – पालना–राष्ट्रीय क्रेच योजना के लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अंतर्गत 500 पालना–आंगनबाड़ी–सह–क्रेच केंद्रों को शुरू किया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने बच्चों के जन्म के बाद भी कार्य करती रहें। इसके अलावा दिल्ली में चल रहे 14 कामकाजी महिला छात्रावासों के अतिरिक्त दो नए सखी निवास शुरू किए जाएंगे। यही नहीं, सामाजिक सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने के लिए 10,047 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसमें से 9,780 करोड़ रुपये सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं।

**वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ी पेंशन** – बजट में वरिष्ठ नागरिकों का भी खास ख्याल रखा गया है। 60–69 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मासिक सहायता बढ़ाकर 2,500 रुपये की गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को 3,000 रुपये की मासिक सहायता सरकार देगी। साथ ही, 60–69 साल के बीच अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदायों के वरिष्ठ नागरिकों को 500 रुपये की अतिरिक्त मासिक सहायता मिलेगी। वहीं, बेसहारा महिलाओं और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों को विश्राम और सामाजिक गतिविधियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए 'वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन केंद्रों की जीआईए' योजना को हरी झंडी दी गई है। इसके तहत 20 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

**डॉ. बीआर अंबेडकर वजीफा योजना की सौगात** – आईटीआई, कौशल केंद्रों और पॉलिटेक्निक में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को 1,000 रुपये का मासिक वजीफा मिलेगा। इससे वे सशक्त बनेंगे। ऐसे में दिल्ली सरकार डॉ. बीआर आंबेडकर वजीफा योजना लाई है। इसके तहत 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। माइनॉरिटी एंड हैंडीकैप फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसएफडीसी) में सुधार के लिए 'डीएसएफडीसी के पुनरुद्धार के लिए जीआईए' योजना के तहत 2 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा प्रत्येक गांव और किसान को सशक्त बनाने के लिए विकास विभाग को 1,157 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

**ग्रामीण और शहरी गांवों का समग्र विकास** – सरकार ने 'पीएम किसान सम्मान निधि–राज्य टॉप–अप योजना' के तहत 4.85 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इसके अंतर्गत किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 6,000 रुपये वार्षिक सहायता के अतिरिक्त 3,000 रुपये तीन किस्तों में दिए जाएंगे। वहीं, घुमनहेड़ा गांव में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडल गौशाला स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, बेघर लोगों के पुनर्वास के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट पेश होगा। दिल्ली के ग्रामीण एवं शहरी गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइटों, सामुदायिक भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट हरिद्वार व वृंदावन का स्वर्ण जयंती महोत्सव 13 अप्रैल 2025 को भव्य रूप से मनाया जाएगा

**हरिद्वार, (वी.के. अग्रवाल)।** महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट (रजि.) अपनी गौरवशाली 50 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। यह ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती महोत्सव 13 अप्रैल 2025 को महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम, भारत माता मंदिर मार्ग, भूपतवाला, हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा।


प्रधान – गणपत लाल गोयल


कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता (सीए)


महासचिव दीवान चंद गुप्ता,

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12 बजे नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन किया जाएगा, जिसके उपरांत दोपहर 1 बजे श्रद्धालुओं व अतिथियों के लिए स्वादिष्ट महाभोज की व्यवस्था की गई है।

शाम को भक्तिभाव से ओत–प्रोत भजन संध्या का आयोजन सायं 5 बजे होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक भजनों की मधुर प्रस्तुति देंगे। इस शुभ अवसर का समापन रात्रि 9 बजे भव्य रात्रि प्रसाद भोज के साथ किया जाएगा।

**माननीय अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति** – इस ऐतिहासिक समारोह में देश की जानी–मानी विभूतियाँ पधारकर इसे गौरवशाली बनाएंगी, **मुख्य अतिथि**– उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी, **अति विशिष्ट अतिथि**– उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र एवं गोवा के पूर्व राज्यपाल माननीय श्री भगत सिंह कोश्यारी जी, **उद्घाटनकर्ता** – महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) के कुलपति एवं पूर्व सांसदीय सचिव, पूर्व भाजपा विधायक, त्रीनगर, दिल्ली, डॉ. नंद किशोर गर्ग जी, **पावन सान्निध्य** – श्रद्धेय स्वामी श्री कैलाशानंद गिरि जी महाराज (महामंडलेश्वर, निरंजनी अखाड़ा परम)।




**कार्यकारी समिति एवं व्यवस्थापक दल** – श्री गणपतलाल गोयल जी के कुशल नेतृत्व में कार्यकारी समिति ट्रस्ट के सफल संचालन में निरंतर समर्पित है, महासचिव श्री दीवान चंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री अतुल गुप्ता (सीए) अन्य **पदाधिकारी एवं ट्रस्टीगण**– समिति के सभी सदस्य तन–मन–धन से इस महोत्सव की तैयारियों में संलग्न हैं।

**समस्त श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन** – महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट की ओर से समस्त श्रद्धालुओं, ट्रस्टियों एवं समाजबंधुओं से करबद्ध प्रार्थना है कि वे 13 अप्रैल 2025 को इस पावन एवं ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने हेतु अपनी गरिमामयी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें। आइए, हम सब मिलकर इस स्वर्णिम अवसर को अपार भव्यता एवं श्रद्धा के साथ मनाएँ और अपनी गौरवशाली विरासत को नमन करें।

# सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक समिति ने जांच शुरू की, जस्टिस वर्मा के घर से मिले थे अधजले नोट

**नई दिल्ली (सं.)।** सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक समिति ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में कैश की बरामदगी मामले में जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त आंतरिक समिति के तीन सदस्यों की टीम जांच के लिए पहुंची।



मिली जानकारी के मुताबिक, तीनों सदस्य की टीम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं। जो न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर पहुंचे हैं।

जांच के दौरान समिति के सदस्य करीब 30–35 मिनट तक न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के अंदर रहे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर बीती 14 मार्च की रात करीब 11.35 बजे आग लगने के बाद कथित नकदी बरामदगी हुई थी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई थी। इसके बाद 22 मार्च को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की आंतरिक जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी थी।

**जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले थे अधजले नोट** – दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा इन दिनों सुर्खियों में बने हुए है, जब से उनके दिल्ली स्थित आवास में आग लगी और आग बुझाने के दौरान दमकल और पुलिस को बड़े पैमाने पर अधजले नोट बरामद किए गए। ये घटना 14 मार्च की है, जब लुटियंस दिल्ली के पॉश इलाके में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर अग्निशमन कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने नकदी बरामद की थी।

**जज वर्मा का आरोपों से साफ इनकार** – इस घटना पर संज्ञान लेते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भारतीय मुद्रा नोटों से भरी चार से पांच अधजली बोरियां मिलने की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। हालांकि, मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनके घर के स्टोर रूम में न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य ने कभी नकदी रखी।

# दिल्ली में दर्दनाक हादसाः कार ड्राइवर ने स्विगी डिलीवरी बॉय को मारी टक्कर, युवक ने तड़प–तड़पकर तोड़ा दम

**नई दिल्ली (सं.)।** दक्षिण दिल्ली के पॉश एरिया हौजखास इलाके में रविवार आधी रात को ओला–उबर कैब ने स्विगी डिलीवरी बॉय को उड़ा दिया। हादसे में बाइक सवार डिलीवरी बॉय बुरी तरह जख्मी हो गया। राहगीरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त चंद्रहास यादव (35) के रूप में हुई है।



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया गया है। सोमवार को किसी वजह से शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाली हुंडई ओरा कार बरामद करने के अलावा आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से गांव शमशुद्दीनपुर, जहानागंज, आजमगढ़, यूपी निवासी चंद्रहास परिवार के साथ चिराग दिल्ली में किराए के मकान में रहता है। इसके परिवार में बुजुर्ग मां सुमित्रा के अलावा पत्नी रीमा, 10 और 5 साल की दो बेटी व आठ साल का एक बेटा है। चंद्रहास पिछले कई सालों से स्विगी के लिए काम करता था।

रविवार रात के समय वह काम के लिए अपनी बाइक से निकला हुआ था। हौजखास इलाके में रात करीब 1.30 बजे वह फुटपाथ के पास खड़ा होकर किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था। इस बीच तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर उसकी ओर आई। उसने चंद्रहास की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चंद्रहास बाइक से उड़कर दूर जा रहे। कार के अगले पहिये अलॉय व्हील टूट गए। राहगीरों ने फौरन घायल को अ स्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हादसे के लिए मामला दर्ज कर चालक को दबोच लिया। यह पता लगाया जा रहा है कि वारदात के समय उसने शराब पी थी या नहीं।

# बढ़ते तनाव के संकेतः लोन के लिए ग्राहकों को आमंत्रित कर रहे बैंक, म्यूचुअल फंड गिरवी रख कर्ज लेना कितना सही?

**नई दिल्ली (सं.)।** भारत में निवेश के उपकरणों में म्यूचुअल फंड की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। इस बीच, कर्ज के बाजार में भी म्यूचुअल फंड के बदले लोन लेने के चलन में भी तेजी से इजाफा हुआ है। पर्सनल और गोल्ड लोन के बाद लोग अब अपनी नकदी की जरूरतें पूरी करने के लिए म्यूचुअल फंड्स को गिरवी रखकर कर्ज ले रहे हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों के पास म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज की पूछताछ में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस तरह के कर्ज लेने के लिए ग्राहकों को लंबे समय से रखे अपने निवेश को बेचना नहीं पड़ता। यह रुझान ऐसे वक्त में बढ़ रहा है, जब बाजार उतार–चढ़ाव के दौर से गुजर रहा है और लोगों का म्यूचुअल फंड में किया गया निवेश भी घट रहा है।

**इसलिए लोगों में बढ़ रहा चलन** – म्यूचुअल फंड को गिरवी रखकर कर्ज लेने के चलन का एक कारण डिजिटलीकरण है। गोल्ड लोन की तरह आपको व्यक्तिगत रूप से बैंक या गोल्ड लोन कंपनी के दफ्तर नहीं जाना होता है। लोगों को घर बैठे डिजिटल तरीके से मिनटों में बिना झंझट के आसानी से कर्ज मिल रहा है। इसका एक अहम कारण कम ब्याज दरें भी हैं। आमतौर पर बैंक या डिजिटल लोन देने वाली गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) 9.5 से 12 फीसदी ब्याज पर म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज मुहैया करा रही हैं, जो झटपट कर्ज के रूप में लोकप्रिय क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन से काफी सस्ता है। कर्ज लेने वाले को 6 से 12 महीने के लिए उसके पास मौजूद म्यूचुअल फंड स्कीम के बाजार मूल्य का 50 से 60 फीसदी तक कर्ज मिल जाता है।

**बहुत जरूरी हो तभी लें कर्ज** – म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज लेना निवेश के सिद्धांत के बिल्कुल विपरीत है। कई लोग अपने नए निवेश के लिए भी म्यूचुअल फंड को गिरवी रख कर्ज लेते हैं। इस प्रथा से हमेशा ही परहेज करना चाहिए। अपने म्यूचुअल फंड निवेश के बदले कर्ज तभी लेना चाहिए, जब ऐसा करना जरूरी हो एवं कहीं और से पैसे का इंतजाम न हो।

अगर जरूरत बहुत ही बड़ी हो, जैसे बच्चे की फीस का इंतजाम करना हो, शादी–विवाह जैसे खर्च हों या फिर अस्पताल में इलाज कराना हो, तो ऐसी परिस्थिति में इस विकल्प को अपनाया जा सकता है।

अगर आपके पास फिक्स डिपॉजिट या फिर राष्ट्रीय बचत पत्र जैसे विकल्प हों तो इसका लाभ भी ले सकते हैं। बैंक एफडी पर प्रचलित ब्याज दर के ऊपर 2 या 3 फीसदी अतिरिक्त दर पर कर्ज मुहैया कराते हैं।

**बाजार में बने रहने का मौका** – म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज लेने से निवेशक को बाजार में बने रहने का मौका मिलता है। इससे एक ओर जहां वह अपने पास मौजूद फंड से छह महीने से एक साल की अवधि में कर्ज को चुका भी सकता है, दूसरी ओर शेयर बाजार में सुधार होने या ऊपर जाने पर अपने यूनिट्स बेच सकता है। बैंक चूंकि निवेश मूल्य के 50 से 60 फीसदी पर ही कर्ज दे देते हैं, ऐसे में उसके पास भी शेयर बाजार की गिरावट में गिरवी रखे फंड के डूबने के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध होती है।

**कंपनियां भी इसलिए दे रही हैं जोर** – शेयर बाजार बीते कुछ महीने में बड़ी और लंबी गिरावट देख चुका है। बाजार में गिरावट का असर म्यूचुअल फंड पर भी पड़ा है और नेट असेट वैल्यू (एनएवी) लगातार टूट रही है। इस नुकसान के बीच लोग अपनी एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) बंद कर रहे हैं, तो कुछ निवेशक निवेश पर कमाए लाभ को डूबने से बचाने के लिए फंड की राशि निकाल भी रहे हैं। म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए गिरते बाजार में यह दोहरा संकट है। इसे देखते हुए फंड हाउस और बैंक म्यूचुअल फंड की यूनिट बेचने के बजाय इसके बदले कर्ज लेने को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**एसआईपी में 78858 करोड़ का निवेश** – बाजार में अस्थिरता के बावजूद एसआईपी में दिसंबर से फरवरी के बीच कुल 78,858 करोड़ रुपये का निवेश आया है। हालांकि, दिसंबर और जनवरी की तुलना में फरवरी में एसआईपी के जरिये निवेश में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

# रूस–यूक्रेन युद्ध का असरः घर बनाना होगा महंगा, 50 रुपये तक बढ़ेंगे सीमेंट के दाम, ग्राहकों पर पड़ेगा बोझ

**नई दिल्ली (सं.)।** देश में सीमेंट की कीमतों में इस महीने 25–50 रुपये प्रति बोरी का इजाफा हो सकता है। रूस–यूक्रेन के संकट की वजह से बढ़ रही लागत का बोझ कंपनियां अब ग्राहकों पर डालने की तैयारी में हैं। इससे लोगों के लिए मकान बनान पहले के मुकाबले महंगा हो जाएगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि पिछले एक साल में सीमेंट का भाव बढ़कर 390 रुपये प्रति बोरी पर पहुंच गया है। इसकी कीमतें बढ़कर 415 से 435 रुपये पहुंच सकती हैं।



एजेंसी ने कहा कि मार्च में कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल पार कर गई थीं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कोयला का भाव भी विभिन्न कारणों से बढ़ा है। क्रिसिल ने कहा कि रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख खदानों में तापमान के बदलने और इंडोनेशिया की ओर से कोयला निर्यात पर प्रतिबंध लगने से सीमेंट की मांग बढ़ गई है। ऊर्जा और ईंधन के साथ परिवहन लागत भी बढ़ी है। सीमेंट का करीब 50: हिस्सा सड़कों के जरिये ही ढोया जाता है।

**लागत 70–75 रुपये बढ़ी** – क्रिसिल का कहना है कि वित्तवर्ष 2021–22 की पहली छमाही में सीमेंट की मांग में सालाना आधार पर 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। लेकिन दूसरी छमाही में बेमौसम बारिश की वजह से सीमेंट की मांग घटने के साथ बालू और मजदूरों की भी कमी होने लगी। सीमेंट कंपनियों का कहना है कि पिछले 2–3 महीने में सीमेंट बनाने की लागत 70–75 रुपये प्रति बोरी बढ़ चुकी है। ऐसे में अब पहले के भाव पर सीमेंट बेचना हमारे लिए मुश्किल हो रहा है।

**घर बनाने की लागत 20 फीसदी तक बढ़ी** – मकान बनाने में इस्तेमाल होने वाले छड़, ईंट और टाइल्स आदि पहले से महंगे हो गए हैं। इससे मकान बनाने की लागत 15–20 फीसदी बढ़ चुकी है। ऐसे में सीमेंट की कीमतें बढ़ने से लागत में और इजाफा होगा। दिसंबर से अब तक लोहे का भाव 20,000 रुपये टन बढ़ गया है। मार्च, 2021 की तुलना में अप्रैल, 2022 में सीमेंट की कीमत करीब 60 फीसदी बढ़ गई है।

इसके अलावा, इस दौरान डीजल की कीमतों में भी 25 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी देखने को मिली है। देश में डीजल की खुदरा कीमतों में मार्च के मध्य से 14 बार में 10 रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। दूसरे–तीसरे स्तर के शहरों से सस्ते मकानों और इन्फ्रा की मांग आने के कारण वित्तवर्ष 2023 में सीमेंट की मांग की वृद्धि दर 5–7 फीसदी पर स्थिर रह सकती है। निर्माण लागत बढ़ने का भी मांग पर असर होगा।


।। जय श्री बागेश्वर धाम ।।
जगद्गुरु
श्री रामभद्राचार्य जी महाराज
श्री श्री 1008 पंडित श्री भगवान दास गर्ग जी
(श्री दादा गुरुजी महाराज)
श्री हनुमंत कथा
श्री बागेश्वर धाम सरकार
विशाल कलश यात्रा
25 अप्रैल 2025, प्रातः 9 बजे
कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सभी माता व बहने आमंत्रित है।
कलश यात्रा- श्री राधाकृष्ण मंदिर, ए-2 ब्लॉक, पश्चिम विहार से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुँचेगी
आचार्य श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज
कथा स्थल
भैरा एन्कलेव, रेडिसन,
डी.डी.ए. ग्राउंड, पश्चिम विहार, दिल्ली
दिनांकः
26 से 30
अप्रैल 2025
समयः 2 बजे से
तिनका
एक सहारा
लॉयन डॉ. राम गोपाल गोयल
अध्यक्ष- दृष्टि एक परिवर्तन एंव पश्चिम विहार रामलीला कमेटी
डॉ. ज्ञान अग्रवाल
चेयरमैन कंट्रोल बोर्ड- श्री अग्रसेन इंटरनेशनल हॉस्पिटल, रोहिणी
आयोजक- दृष्टि एक परिवर्तन (रजि.)
9213183990, 9310154540, 9811539744, 9899293693, 8929681341


महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल चैरिटेबल ट्रस्ट, पंजाबी बाग, चुनाव-30 मार्च,2025
हमारे प्रेरणास्त्रोत
स्व. श्री धर्मपाल गुप्ता
स्व. श्री रोशन लाल अग्रवाल
स्व. श्री मुशी राम गुप्ता
स्व. श्री श्याम लाल अग्रवाल
स्व. श्री ईश्वर चंद गोयल
स्व. श्री मनी राम गर्ग
हमारे मार्गदर्शक
लाला मांगेराम अग्रवाल
डॉ. नंद किशोर गर्ग
श्री टेकचंद गुप्ता
श्री कृष्णलाल बंसल
श्री गजानंद सावरियां
डॉ. अशोक गुप्ता
श्री ओम प्रकाश सिंघल
श्री बृजभूषण गुप्ता
श्री नरेश कुमार ऐरन
श्री जी.डी. गोयल
चुनाव चिन्ह
नरेश कुमार अग्रवाल
प्रत्याशी, प्रधान पद
सेवा की है
सेवा करेंगे
संकल्प हमारा है
बदलाव जरूरी
बदल के रहेंगे
हॉस्पिटल समर्पित टीम
को भारी मतों से विजयी बनाएं।
लॉयन डॉ. रामगोपाल गोयल
प्रत्याशी – वरिष्ठ उपाध्यक्ष ट्रस्ट

# बाल-बाल बचा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का काफिला, अचानक सामने आए मवेशी (बड़ा हादसा टला)

नई दिल्ली (सं.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का काफिला हैदरपुर फ्लाईओवर पर अचानक से रुक गया। बताया जा रहा है कि काफिले के सामने अचानक से चार से पांच गाय आ गईं। समय रहते चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिस चलते एक बड़ा हादसा टल गया। सीएम का काफिला करीब 15 मिनट तक फ्लाईओवर पर रुका रहा।

वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को हैदरपुर फ्लाईओवर पर पाए जाने वाले आवारा पशुओं के लिए उचित आश्रय स्थल खोजने का निर्देश दिया।

सीएम रेखा गुप्ता आज मेट्रो पिलर्स का निरीक्षण करने निकली थीं। इस दौरान उन्होंने मेट्रो खंभों पर लगे पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने का निर्देश दिया। मेट्रो पिलर पर चिपके पोस्टर्स और होर्डिंग्स पर आपत्ति जताते हुए सीएम ने कहा कि हमें दिल्ली को साफ और स्वच्छ बनाना है।

उन्होंने कहा, ष्सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं है। मुख्यमंत्री से लेकर किसी भी अन्य व्यक्ति तक को नहीं है। मेरा सबसे अनुरोध है कि दिल्ली को गंदा न करें। मेट्रो के खंभे हमारी दिल्ली की खूबसूरती हैं। यहां होर्डिंग, पोस्टर, बैनर नहीं लगाए जाने चाहिए।


ENHANCERS ACADEMY academyenhancers
ENHANCERS ACADEMY
CLASSES I - VIII | CLASSES IX - X
ALL SUBJECT | MATHS | SCIENCE
CLASSES XI & XII
ACCOUNTANCY | MATHS | ECONOMICS
OUR FACILITIES
* Qualified Teachers
* Notes And Assignment
* Proper Test Series
* Personal Attention
BRANCH 1 F-10 PRASHANT VIHAR | BRANCH 2 QU 233 - C PITAMPURA
9599127878, 9868726527


## पावन संसार
### पाठकों के लिए सूचना

जो पाठक पावन संसार समाचारपत्र प्राप्त करना चाहते हैं व उनके क्षेत्र में समाचारपत्र उपलब्ध नहीं हो रहा है कृपया वे निम्नलिखित फोन नंबरों पर सम्पर्क करें:

फोन नम्बर : **9311288839**

—संपादक


पावन संसार परिवार की ओर से

Sh. Mukesh Goel
MU-11, Pitampura, Delhi-34
को जन्मदिन
1 अप्रैल
की हार्दिक शुभकामनाएं



पावन संसार परिवार की ओर से

Sh. Lajpat Rai Bansal
119, Anand Vihar, Pitampura
को जन्मदिन
1 अप्रैल
की हार्दिक शुभकामनाएं



3D-SPACE interiors
We shape your dreams

Ar./ Er. Shiv Shankar Bansal
M.Plan, B.Arch., B-Tech (Civil), AMIE (India), A.I.I.A, (Registered Valuer)
DELDGIAJNPB6323P
INCOME TAX, CYBER FORENSIC LAB
Assistant Professor in C.C.L.S, Sampla
9891390186, 7701825341
• ARCHITECTS
• CONSTRUCTION
• STRUCTURE CONSULTANTS
• TURNKEY SOLUTIONS
• INTERIOR DESIGNERS
• PROJECT MANAGEMENT CONSULTANCY
• REGISTERED VALUER
• VASTU
• 3D-VISULISER
C-8/49, Sector-8, Rohini, Near Metro Pillar No.380, Delhi-85
011-47071494, 46063516, 9211963244 (O)
3dspaceinteriors17@gmail.com www.3dspaceinteriors.com


## पावन संसार परिवार की ओर से जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं


**Bhim Sain Jindal**
5, Bharat Apt., Sec-13, Rohini
27 March


**Ram Kumar Jain**
E-18/269-270, Sec-3, Rohini, Delhi
27 March


**Sharad Varshney**
B-147/T-2, Surya Nagar Ghaziabad (UP)
27 March


**Ujjwal Aggarwal**
28, Rail Vihar, Pitampura
29 March


**Vinod Gupta**
B-3/65, Ashok Vihar, Delhi-52
29 March


**Charu Bandhu**
A-904, NPSC Soc. SEc-2, Dwarka
29 March


**Mukesh Chand Jain**
AK-72, Shalimar Bagh
30 March


**Jasbir Singh Kapoor**
B-312, Prashant Vihar
1 April


**Tek Chand Gupta**
C-15, Prashant Vihar
1 April


**Madan Lal Gupta**
NP-69, Pitampura
1 April


**Manohar Lal Yadav**
D-155, IInd Flr, Prashant Vihar
1 April


**Sandeep Aggarwal**
F-19/59, Sec-8 Rohini
1 April


**Vinod Mittal**
81, Sukhdham Apt, Sec-9, Rohini
1 April


**Vijay Kumar Gupta**
47/43, 1st Flr, West Punjabi Bagh
1 April


**Bhaven Bansal**
C-5/5, Moden Town-3
1 April


**Shiv Charan Gupta**
B-9, Shakti Nagar Extn.
1 April


**Sanwar Mal Pansari**
PU-14, Pitampura
2 April


**Parveen Garg**
C-36, Aravali Kunj, Sec-13, Rohini
3 April


**R. P. Singh**
C-8, F. Floor, Prashant Vihar
3 April


**Naresh Soni**
B-4/12, Rajsthali Apt, Pitampura
3 April


**S.P. Garg**
GD-105, Pitampura
3 April


**Abhinandan Jain**
C-9/65, Sec-8, Rohini
3 April


पावन संसार के आजीवन सदस्य/ सम्मानित सदस्य बनने के लिए सम्पर्क करें
9811288839, 9311288839




अंजनी महल
मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान में ठहरने का उत्तम स्थान
अंजनी माता मन्दिर के सामने, घाटा मेहन्दीपुर बालाजी, राजस्थान
फोन नं. 01420-247850, 294862, 992956750
Em: info.anjanimahal@gmail.com Web.: anjanimahals.com
सुविधायें: शुद्ध शाकाहारी भोजन, 40 वातानुकूलित कमरे, LED TV, Wi-fi, 24 घंटे बिजली पानी, पार्किंग, भंडारा, कथा, किर्तन, सवामनी की सुविधा
श्री बालाजी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित
रजि. ऑफिस: ए-53, प्रशांत विहार, नई दिल्ली-110085, फोन: 011-27553681, 9711200965






Ankit Goyal
9811924645
9873246969
Well Decovel Interiors
Architect | Interior Designer
Furniture Mfr. | Project Mgt. Consultant
(AS PER VAASTU)
Residential & Commercial
Office Cum Factory:
Ashok Vihar, Phase-1, New Delhi-110052
Follow ankitgoyal_interiordesigner



Your Growth, Our Expertise
Boost Your Brand Presence!
WEB DEVELOPMENT | SOCIAL MEDIA MARKETING | SEO | WHATSAPP MARKETING
EXCLUSIVE PACKAGES
BASIC | STANDARD | PREMIUM
GET 20% OFF ON ANNUAL PACKAGES! 20% OFF
laxinova
Contact us on 9311305131 or info@laxinova.com to arrange a free consultation with our marketing experts today!
www.laxinova.com | Building No. 14, Block-D, Pocket-10, Sector-8, Rohini, New Delhi-110085



® ©
Want to protect your Brand/Work?
SIGMA LEGAL GROUP
Authorized Trademark Attorney
...... One stop destination for all your queries
No brand registration no future growth
Don't let anyone use your brand name without your permission
Registration of your Trademarks, Copyright, Design etc. protect your business!
Please feel free to contact:
+91-9599043048 | Sigma Legal Group, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034 | ipr@sigmalegal.in www.sigmalegal.in

# ऐसे बढ़ाएं अपनी याददाश्त

अनेक कुशाग्र बुद्धिजीवियों को अक्सर कहते सुना है कि किसी भी क्षेत्रा में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के साथ–साथ दिमाग का तेज होना भी नितांत आवश्यक होता है, इसलिए सभी लोगों को निरंतर अपना अपना दिमाग तेज बनाते रहना चाहिए, लेकिन कैसे ? यह कोई नहीं जानता ।

वहीं देखने में यह भी आता है कि कुछ लोगों को कई बातें लंबे समय तक स्मरण रहती हैं जबकि कुछ को याद रख पाना बड़ा टेढ़ी खीर साबित होता है जिसे प्रायः चिकित्सकीय भाषा में याददाश्त का कमजोर होना कह दिया जाता है। अगर आप की भी किसी न किसी वजह से याददाश्त कमजोर हो गई तो चलिए हम आपको बताते हैं कुछ ऐसे आहार के बारे में जिनका सेवन करने मात्रा से आपका दिमाग फिर से तेज होकर दौड़ने लगेगा ।

याददाश्त बढ़ाने में निम्न चीजें काफी लाभप्रद होती हैं :

स्वस्थ आहार :– सर्वप्रथम, दादी मां के नुस्खे की बात करें तो आप स्वस्थ और अच्छा प्रोटीन युक्त भोजन ग्रहण करके अपनी याददाश्त को काफी तेज बना सकते हैं।

बादाम खाएं :– रोजाना रात में बादाम भिगोकर उषाकाल में बारीक पीस कर गर्म दूध में डालकर तीन चम्मच शहद मिश्रित करके लेने से भी दिमाग की सभी कमजोरियां कोसों दूर की जा सकती हैं।

सलाद का सेवन करें :– अनेक शोधकर्ता कहते हैं कि यदि आप अपने मस्तिष्क को बढ़ती उम्र के साथ दुरुस्त बनाएं रखना चाहते हैं तो खाने में सलाद को तवज्जो देना कतई न भूलें क्योंकि इससे आप शरीर और याददाश्त दोनों को बलदायी बना सकते हैं।

हरी सब्जियों को अमल में लाएं :– आयुर्वेद के अनुसार हरी पत्तेदार सब्जियां जितनी खाने में स्वादिष्ट होती हैं उतनी ही दिमाग के लिए भी लाभदायी होती हैं। इसलिए नित्यप्रति अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों को स्थान दें क्योंकि हरी पत्तेदार सब्जियां जहां शरीर की पाचन शक्ति दुरुस्त करती हैं, वहीं दूसरी ओर याददाश्त शक्ति भी मजबूत बनाएं रखती हैं । इस तरह हरी सब्जियों में आप पालक, बथुआ, चौलाई का साग, प्याज का साग, सरसों ,पत्तागोभी, मेथी का साग, मूली के पत्ते इत्यादि का खूब जमकर सेवन कर सकते हैं।

एवोकैडो खाने की आदत डालें :– ऐसा कहा जाता है कि रेगुलर एक एवोकैडो खाने से भी दिमाग काफी तेज गति से काम करने लगता है। सो, जब भी मौका हाथ लगे, यह फल खाने में तनिक भी गुरेज न करें। इससे निस्संदेह फायदेमंद होगा और याददाश्त बढ़ेगी ।

चाकलेट :– माना जाता है कि डार्क चाकलेट खाने से भी याददाश्त बढ़ाने में काफी सहायता मिलती है लेकिन ध्यान रहें इसका सेवन कम मात्राा में ही करना चाहिए चूंकि इसका अधिक सेवन करने से आपका वजन बढ़ने लगता है।

सूरजमुखी के बीज :– अधिकांश डाक्टरों की राय है कि यदि आप अपने दिमाग को तीव्र करना चाहते हैं तो सूरजमुखी के बीजों का भी जमकर उपयोग कर सकते है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके बीजों में पर्याप्त मात्रा में ट्रिप्टोफैन मौजूद होता है जोकि मस्तिष्क को शांत और प्रतिकूल करने का अद्भुत कार्य करता है। यही नहीं, यह नेगेटिव मूड को बदलकर सकारात्मक बनाने का भी काम बखूबी करता है , फलस्वरूप इससे भी याददाश्त बढ़ाया जा सकता है।

जामुन खाएं :– बड़े–बुजुर्गों की मानें तो जामुन रूपी फल में अनेक प्रकार के गुणकारी तत्व होते हैं जो स्मरण शक्ति तेज करने की पूरी क्षमता रखते हैं। इतना ही नहीं, इसमें विद्यमान कई गुण भूली हुई कई चीजों को लंबे समय तक याद रखने की भी अद्भुत क्षमता रखते हैं।

स्ट्राबेरीः– अधिकांश चिकित्सक बताते हैं कि अगर आप स्ट्राबेरी, ब्लैक वेरी जैसे फल का सेवन नित्य करते हैं तो भी आपका दिमाग काफी तेज हो सकता है। पूर्व में हुए एक अध्ययन से सिद्ध हो गया है कि यदि महिलाएं रोजाना स्ट्राबेरी खाएं तो उनका दिमाग भी काफी तेज होने लग जाता है। सो, वे भी अपने नियमित खानपान में इस फल को अवश्य शामिल करने की भरसक प्रयास करें।

– **अनूप मिश्रा**

# चर्म रोगों के लिए प्रभावी है होम्योपैथिक चिकित्सा



**चि**कित्सा प्रणाली में होम्योपैथिक चिकित्सा का नाम नया नहीं है। इस प्रणाली से इलाज शुरू करने की परंपरा 460–370 ईसा पूर्व के मध्य हुई चर्म रोगों के निदान में तो इस पद्धति की विशेष भूमिका है।

उपचार के दौरान चिकित्सक व पीड़ित व्यक्ति दोनों को ही इस पद्धति से उपचार करते हुए धैर्य रखना पड़ता है क्योंकि इस इलाज के द्वारा इलाज की अवधि लम्बी होती है। इस इलाज के दौरान बीमारी के सही कारणों को जानने के लिए मरीज से सही तरीके से पूछताछ व उसका सहयोग व चिकित्सक द्वारा किया गया निर्णय, निर्णायक भूमिका निभाता है।

बीमारी तो मनुष्य के अपने भीतर ही होती है। बाहरी वातावरण से तो उसकी बीमारी को गति मिल जाती है। वह सब भी मनुष्य की प्रकृति के ऊपर निर्भर करता है जैसे मानसिक बीमारी, शरीर के दूसरे अंगों में रोग, अन्य दवाओं का बुरा प्रभाव व कीटाणु आदि से रोगग्रस्त होना इस बीमारी के लक्षण हैं, जैसे त्वचा में से पानी आना, खून या मवाद का निकलना, खुजली–दाने, जलन इत्यादि बीमारी का विस्तार, बाहरी वातावरण, परिवार के अन्य सदस्यों को इसी तरह का रोग है या नहीं, रोगी की आदतें और अंत में बीमारी की जांच करना जरूरी है।

चर्म रोग होने पर उसे ऊपरी उपचार द्वारा दबाना अन्य कई प्रकार की बीमारियों को निमंत्राण देना है। इससे रक्तचाप व मानसिक बीमारियां व अन्य घातक बीमारियां स्वतः ही पैदा होने लगती हैं। प्रभावित चर्म स्थान पर मरहम व अन्य दवाओं के उपयोग से बीमारी समाप्त न होकर शरीर के अंदरूनी हिस्सों को नुकसान पहुंचाती है। इस प्रकार से फेफड़े, हृदय, गुर्दे, यकृत आदि भी प्रभावित होते हैं।

अधिकांश रोगी जो दमे, उच्च रक्तचाप और मानसिक बीमारियों को लेकर चिकित्सक के पास जाते हैं, उनकी सही रूप से जांच पड़ताल नहीं हो पाती। वे लोग ज्यादातर त्वचा रोग से पीड़ित रहते हैं या फिर रह चुके होते हैं। सही इलाज के अभाव में उन्हें यह बीमारी शुरू हो जाती है। त्वचा रोग शरीर की अंदरूनी कमी का बाह्य रूप हैं।

चर्म रोग का सही इलाज करना है तो पहले रोग की जड़ अथवा खराबी को दूर करना आवश्यक है। इसके लिए मरीज की शारीरिक व मानसिक प्रकृति को जानकर खाने व पीने की दवाएं दी जानी चाहिए। रोगी की प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाकर बीमारी को जड़ से दूर किया जा सकता है।

इस बीच यदि रोगी को ज्यादा परेशानी है तो तात्कालिक उपचार के लिए भी औषधियां दी जा सकती हैं। इन औषधियों का सेवन लम्बे समय तक करना जरूरी है। बीमारी का संपूर्ण इलाज मरीज की प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ता है। अन्य प्रणालियों द्वारा चर्म रोगों का किया गया उपचार जितना सरल व आरामदायक है उतना ही हानिकारक है। चर्म रोगों के होने पर होम्योपैथिक चिकित्सा को ही अपनाना चाहिए।

– **राकेश गोयल**

# खान–पान की खास बातें





**आर.पी. चौहान**
**सह–संपादक**

**ज**ब जल्दी में हों, तनाव में हों, अशांत हो, क्रोध में हों, ऐसी स्थिति में भोजन न किया जाए, यही बेहतर है।

आयुर्वेद के अनुसार जो मनुष्य खाना खाता है शरीर के प्रति उसका कर्तव्य है कि वह व्यायाम अवश्य करे।

बुजुर्गों के लिए टहलना ही पाचन के लिए पर्याप्त व्यायाम है।

भोजन . ऋतु, स्थान और समय के अनुसार ही करें। बार–बार न खाएं।

यदि समय अधिक निकल जाए तो भोजन न करना ज्यादा अच्छा होता है।

भोजन के साथ पानी न पिएं। आधा घंटा पहले एवं एक घंटा बाद पिएं।

दोपहर भोजन के बाद कुछ देर विश्राम तथा रात को भोजन के बाद टहलना जरूरी है।

रात का खाना दोपहर से कुछ हल्का रखें और सोने से कम से कम 2 घंटे पहले भोजन कर लें।

दिन भर में इतना काम अवश्य करें कि शाम को थकावट अनुभव हो। इससे भूख अच्छी लगेगी और नींद भी अच्छी तरह आएगी।

शाम को 6.00 बजे के बाद चाय, काफी न पिएं।

रात को सोने से पहले दूध अवश्य लें। इससे गहरी नींद आएगी, खाना हजम होगा लेकिन भोजन करने के कम से कम 2 घंटे बाद में दूध लें।

भूख को टालना ठीक नहीं, शरीर के लिए यह नुकसानदायक होता है। रुचि के विरुद्ध किसी के कहने पर या शर्त पर भोजन कभी न करें।

पर्व – उत्सव और पार्टियों से बचना तो संभव नहीं लेकिन कोशिश करें कि पकवान कम ही खाएं।

# अपने दिल से न कीजिए दिल्लगी

भारतीयों के पूर्व की एवं अब की जीवनचर्या में अत्यधिक बदलाव आ गया है। आधुनिक आहार–विहार से भारतीयों का शरीर रोगों का घर बनता जा रहा है। तब के त्याज्य और वर्जनाओं को लांघ हम उसमें अति करने लगे हैं।

जिन परिवारों में हृदय रोगी हैं, उन परिवारों में पचीस वर्ष की आयु के पश्चात् ही खान–पान एवं आहार–विहार में सभी को ध्यान देना, अपनाना आरम्भ कर देना चाहिए।

यह रोग न तो संक्रामक है, न महामारी है किन्तु यह खामोश हत्यारा अवश्य है, वंशानुगत भी होता है, इसलिए ऐसे रोगी के संबंधियों को पचीस वर्ष की आयु के पश्चात समय–समय पर अपनी चिकित्सकीय जांच कराते रहना चाहिए।

विवाहोपरान्त दंपति द्वारा किसी भी प्रकार के नशापान से संतान जन्मजात हृदयरोगी हो जाती है। शारीरिक खर्च से अधिक भोजन करने पर मोटापा एवं वजन बढ़ता है जिससे हृदय को अधिक काम करना पड़ता हैं। किसी भी प्रकार का नशा या व्यसन हृदय रोगी बनाता है। अधिक तनाव हृदय रोगी बनाता है।

तेल–घी, मलाई, मक्खन के अधिक उपयोग से हृदयघाती बुरा कोलेस्ट्रोल बनता है। शक्कर का किसी भी रूप में अधिक उपयोग भी वजन, मोटापा व बुरे कोलेस्ट्रोल को बढ़ाता है। लगातार देर रात तक जगने एवं दिन में देर तक सोने से भी हृदय रोग होता है। प्रातः की हवा, पद यात्राा एवं किसी भी प्रकार के व्यायाम का उपयोग नहीं करने से यह भी रोग बढ़ता है।

थायराइड की समस्या और मधुमेह भी आगे चलकर हृदय रोग का कारण बनता है। हृदय डाकघर की भांति कार्य करता है। शरीर के सभी अंगों से कम प्राणवायु (आक्सीजन) वाले नीले रक्त को हृदय में लाता है और (नसिका) के माध्यम से प्राप्त आक्सीजन से उस नीले रक्त को शुद्ध कर लाल रक्त बना ऑक्सीजन मिला शरीर के सभी भागों को वापस भेजता है।

लाल रक्त में मिला यही ऑक्सीजन शरीर के सभी अंगों के काम आता है। इस काम में किसी प्रकार की बाधा से हृदय रोग होता है। ये बाधा हैं, रक्त का गाढ़ा होना, मोटापा व वजन अधिक होना, बुरा कोलेस्ट्रोल, नसों का लचीला न होना, इन नसों की नलियों का संकरा होना जिससे रक्त को शरीर में भेजने और वापस लाने में हृदय को अधिक दबाव व कार्य करना पड़ता है। जब देश में इसके इतने अधिक रोगी हैं और इसके इतने अधिक कारण हैं तो उपचार क्या करें?

नियमित व उचित दवा एवं जन जागरूकता के माध्यम से रोगी एवं उसके परिजन कारण का निवारण कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के मक्खन, मलाई, तेल, घी व वसा का सेवन अत्यंत कम कर दें। बुरा कोलेस्ट्रोल नियंत्रित रखें। नमक का सेवन भी अत्यंत कम करें। पानी अधिक पिएं शौच व पेशाब न रोकें। वजन व मोटापा बढ़ाने वाले कारण शक्कर, तेल–घी, कार्बोहाइड्रेट (चावल, आलू, गेहूं सभी कंद) का सेवन व दिन में सोना कम कर दें।

लहसुन, प्याज, अदरक, मेथी अवश्य लें। ये रक्त बाधा दूर करते हैं। फल, सब्जी व सलाद अधिक खाएं। इसमें नमक व तेल घी न के बराबर उपयोग करें। इससे पेट साफ रहेगा व कब्ज नहीं होगा। प्रातः हवा पान करें। लम्बी सांस लें, रोकें व छोड़ें, आधा घंटा पदयात्राा करें।

पन्द्रह मिनट कोई भी साधारण योग या व्यायाम करें। तनाव त्याग दें व ध्यान कीजिए। फल सब्जी, सलाद, दही व मठा (तक्र) के अधिक सेवन से अच्छा कोलेस्ट्रोल बढ़ता है। हर हाल में उच्च रक्तचाप, मधुमेह (शुगर) एवं थायराइड समस्या नियंत्रित रखिए। हृदयाघात के कारण एवं रूकावट दूर करेंगे तो कोई भी हृदयरोगी उचित दवा व आहार–विहार के साथ अधिक दिन तक जीवन सुखमय जी सकता है।

निराशा व तनाव त्यागिए। निष्क्रिय नहीं, सक्रिय बनिए। आपका शरीर व रोग आपकी मुट्ठी में रहेंगे।

– **सीतेश कुमार द्विवेदी**

**नोट– पावन संसार में स्वास्थ्य संबंधी बताए गये तरीकों को अपनाने से पहले किसी योग्य चिकित्सक/वैद्य की सलाह अवश्य लें। इनको उपयोग में लाने से किसी भी प्रकार की क्षति के लिए पावन संसार जिम्मेदार नहीं होगा।**
संपादक



# दिल्ली समाचार



# साबरमती की तर्ज पर संवरेगी यमुनाः 1500 करोड़ से नदी का होगा विकास, रेखा सरकार ने सफाई के लिए बनाया ये प्लान

**नई दिल्ली (सं.)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2025–26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें यमुना की सफाई, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास सहित 10 क्षेत्रों पर जोर देते हुए राष्ट्रीय राजधानी को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने का खाका पेश किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी के इतिहास का यह सबसे बड़ा बजट है। पिछले वित्त वर्ष के बजट से 31.5 प्रतिशत ज्यादा है। बजट में छात्रों को लैपटॉप और अटल कैंटीन से गरीबों को 5 रुपये में खाना देने का भी प्रावधान किया है। चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा यमुना की सफाई का था। सरकार साबरमती की तर्ज पर यमुना को संवारेगी।**

**वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाल रहीं सीएम ने 138 मिनट के बजट भाषण में कहा कि भ्रष्टाचार व अक्षमता का दौर अब समाप्त हो गया है। भाजपा सरकार ने दिल्ली में 26 वर्ष के बाद बजट पेश किया है। बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार ने 2025–26 के बजट में पूंजीगत व्यय को दोगुना करके 28,000 करोड़ रुपये कर दिया है। बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष 2024–25 की तुलना में 31.5 फीसदी अधिक है।**

**1500 करोड़ से यमुना का होगा विकास – दिल्ली में यमुना का विकास अहमदाबाद में साबरमती रिवर–फ्रंट की तर्ज पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यमुना की सफाई और पुनरुद्धार, उसमें नालों के गंदे पानी को गिरने से रोकने और नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने समेत एक व्यापक योजना पेश की है और इसके लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।**



**जल और सीवेज के बुनियादी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के लिए केंद्र से 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद की मांग की है। इस योजना में 500 करोड़ रुपये की लागत से 40 विकेंद्रीकृत सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) बनेंगे।**

**ये संयंत्र प्रमुख नालों में जाने से पहले ही स्रोत पर गंदे पानी का उपचार करेंगे, जिससे नदी में प्रदूषण का स्तर कम होगा। रेखा ने कहा, यमुना सिर्फ नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक विरासत है। सरकार ने मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की मरम्मत व विकास के लिए 500 करोड़ रुपये, पुरानी सीवर लाइनों को बदलने के लिए 250 करोड़ रुपये और जल उपचार संयंत्रों में सुधार के लिए 250 करोड़ रुपये तय किए हैं।**

# दिल्ली बनेगी ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब... बजट में किया प्रावधान, इन योजनाओं पर शुरू होगा काम

**नई दिल्ली (सं.)।** राष्ट्रीय राजधानी को ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा। इसके लिए भाजपा की दिल्ली सरकार ढांचागत विकास की परियोजनाओं पर जोरो से काम करेगी।

बजट भाषण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह दिल्ली को ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता और जल आपूर्ति के साथ–साथ ट्रैफिक प्रबंधन को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से कुछ ऐसी परियोजनाएं हैं जो पिछले कुछ वर्षों से ठंडे बस्ते में थीं। अब इस बजट के माध्यम से गति प्राप्त करेंगी। आप सरकार के कार्यकाल के दौरान जाम से राहत दिलाने वाली बड़ी परियोजनाओं से फंड की कमी से हाथ खींच लिए गए थे। इन परियोजनाओं को अब रफ्तार मिलेगी। साथ ही, निर्माणाधीन परियोजनाएं भी हैं जो फंड की कमी के कारण प्रभावित हैं।

इसमें 24 अस्पतालों से जुड़ी परियोजनाएं भी हैं। बजट में दिल्ली सरकार ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सेंट्रल रोड फंड व शहरी विकास मंत्रालय के तहत एनसीआर की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 1000 करोड़, सड़क व पुल अवसंरचना के सुधार के लिए 3843 करोड़, योजना विभाग के अंतर्गत नई योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री विकास निधि के लिए 1400 करोड़ व इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्र सरकार से वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए योजना विभाग के तहत 1000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया है।



**इन योजनाओं पर शुरू होगा काम** – ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर : कॉरिडोर की लंबाई 20 किलोमीटर है। यह आनंद विहार से जखीरा फ्लाईओवर तक बनेगा। पूर्वी दिल्ली को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को जोड़ने के कारण यह योजना अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। योजना के तहत आनंद विहार बस अड्डे से रेलवे लाइन के साथ–साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक एलिवेटेड कॉरिडोर बनेगा, जिसमें जरूरत के हिसाब से उतरने और चढ़ने के लिए रैंप भी दिए जाएंगे।

**नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर** : सिग्नल फ्री नार्थ–साउथ कॉरिडोर की लंबाई 19 किलोमीटर है। इसे जखीरा से द्वारका सेक्टर–23 के पास अर्बन एक्सटेंशन रोड–दो तक बनाया जाएगा। यह योजना दिल्ली को जाम से मुक्ति दिलाने वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। यह उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली के बीच बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। पूर्व की सरकार ने इस पर काम शुरू नहीं किया।

**सिग्नेचर ब्रिज से डीएनडी तक हाईवे** : रिंग रोड पर वाहनों के दबाव को कम करने के लिए इस परियोजना को डबल डेकर फ्लाईओवर के साथ डिजाइन किया गया है। ऊपरी हिस्से में तेज रफ्तार बड़े वाहन चलेंगे, जबकि निचले हिस्से में छोटे वाहन व साइकिलों के लिए जगह होगी। यह परियोजना कश्मीरी गेट, मजनू का टीला व मैटकाफ हाउस जैसे इलाकों में जाम को कम करने में मदद करेगी।

**अरबिंदो मार्ग पर फ्लाईओवर (आईआईटी से महरौली)** : योजना के तहत अरबिंदो मार्ग पर आईआईटी के पास रिंग रोड फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास बनेगा। फ्लाईओवर के नीचे लालबत्ती हटाने के लिए यह करीब 400 मीटर लंबा छह लेन का अंडरपास होगा। इससे करीब 200 मीटर की दूरी पर मदर इंटरनेशनल स्कूल से पौने तीन किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शुरू होगा।







# भारतीय योग संस्थान, वीर सावरकर पार्क प्रशांत विहार शाखा द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





होली के उत्सव पर परिवार मिलन की परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी वीर सावरकर पार्क प्रशांत विहार की योग कक्षा के योग परिवार ने होली का पर्व बड़े ही उल्लास और उमंग के साथ मनाया।

इस कार्यक्रम में भक्ति और मनोरंजन का अद्भुत समावेश था। इस कार्यक्रम की पूरी रूप रेखा कक्षा के संस्थापक श्री राजेन्द्र पाल चौहान जी द्वारा तैयार की गई। उन्ही के मार्गदर्शन में यह समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक 8.3.25 शनिवार को सांय 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री राम मंदिर प्रशांत विहार में किया गया। मंच का संचालन केन्द्र प्रमुख श्रीमती हेमलता शर्मा द्वारा बहुत ही मनमोहक ढंग से किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। यह शुभ कार्य श्री चौहान जी के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें उनके सहयोगी कक्षा के वरिष्ठ साधक साधिका श्री हीरा लाल, श्रीमती रमेश कटारिया, श्रीमती वीटा क्वात्रा इत्यादि रहे। सभी साधक साधिका का गुलाल , चन्दन और फूलों से बहुत ही शालीनता से स्वागत किया गया।

उसके उपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति श्रीमती गंगा शर्मा ने अपनी मधुर वाणी में बहुत ही सौम्यता के साथ दी। एक छोटी सी बच्ची रितवी गुप्ता ने बहुत सुन्दर श्लोक बहुत ही स्पष्ट उच्चारण के साथ करके सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। कानुषी नारंग ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन को भरतनाट्यम नृत्य द्वारा बहुत ही आकर्षक ढ़ंग से प्रस्तुत किया। कक्षा की कुछ साधिकाओं द्वारा प्रस्तुत फिल्मी गाने की ताल पर नृत्य और योग का मिश्रण कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। साधिकाओं द्वारा प्रस्तुत डांडिया नृत्य भी देखते ही बनता था। कक्षा के साधक साधिका के दो जोड़ों (श्रीमती वीना शर्मा एवं श्री राजेन्द्र शर्मा तथा श्रीमती ममता जैन और श्री मनोज जैन) ने पूरे कार्यक्रम को होली के उत्सव में रंग दिया। वरिष्ठ साधक साधिकाओं ने भी बड़े उल्लास के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी। कुछ भजनों की और गीतों की प्रस्तुति भी हुई। श्री राजेन्द्र ऐरी और विजय चौहान द्वारा ऐसा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें सभी मस्त होकर झूमने लगे। सभी प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक थीं। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट भोजन प्रसाद से हुआ जिसमें किसी ने अन्न का एक दाना भी जूठा नहीं छोड़ा।

























# 50वाँ स्थापना दिवस

स्वर्ण जयंती समारोह

रविवार 13 अप्रैल 2025

वैशाखी, नव वर्ष
विक्रम संवत 2082

कुलदेवी महालक्ष्मी जी



ईंट

## महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम ट्रस्ट (रजि.) 1975

हरिद्वार : भारत माता मन्दिर मार्ग, भूपतवाला, हरिद्वार मो.: 92208-56688
वृंदावन : रमन रेती, परिक्रमा मार्ग, वृंदावन मो.: 92208-56677

आपके स्वागत को हम तत्पर हैं। रविवार, 13 अप्रैल, 2025

## कार्यक्रम

भजन संध्या सांय 5:00 बजे

उत्सव स्थल : महाराजा अग्रसेन अग्रवाल आश्रम, भारत माता मन्दिर मार्ग, भूपतवाला, हरिद्वार

भोज प्रसाद रात्रि 9:00 बजे

सांस्कृतिक कार्यक्रम - प्रातः 10:00 बजे से

अतिथियों का स्वागत - प्रातः 11:00 बजे से

नवीनकृत भवन का उदघाट्न - दोपहर 12:00 बजे से

स्वरूचि भोज - दोपहर 1:00 बजे से

**पावन सानिध्य**
परम श्रद्धेय स्वामी श्री कैलाशानंद गिरि जी महाराज
(महामंडलेश्वर, निरंजनी अखाड़ा)

**मुख्य अतिथि**
माननीय श्री पुष्कर सिंह धामी जी
(मुख्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार)

**अति विशिष्ट अतिथि**
माननीय श्री भगत सिंह कोश्यारी जी
(पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड एवं पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र एवं गोवा)

**उदघाटनकर्ता**
डॉ. नन्द किशोर गर्ग जी
कुलपति महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, हिमाचल प्रदेश
पूर्व संसदीय सचिव, पूर्व भाजपा विधायक, त्रिनगर, दिल्ली

**विशिष्ट अतिथि**
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत (सांसद एवं पूर्व मुख्य मंत्री, उत्तराखण्ड)
श्री मदन कौशिक (विधायक पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, हरिद्वार)
श्रीमति किरण जैसल (महापौर, हरिद्वार)
श्री अतुल श्रीनिवास गर्ग (एम.डी., ओ.डी. ग्रुप)
श्री हरि चन्द अग्रवाल (चेयरमैन, इन्सैक्टिसाईडस इण्डीया लि.)

**विशेष सहयोगी**
श्री उमेश गुप्ता (शक्ति नगर), श्री सुरेश, राजेश केजरीवाल (माडल टाऊन), श्री पुनीत गुप्ता (द्वारका), श्रीमति रक्षारानी (गाजियाबाद), श्री जगदीश प्रसाद संजय रावत (अशोक विहार), श्री नितिन गोयल (डोरीवालान, करोल बाग), श्री बाबू राम गुप्ता (माडल बस्ती), श्री नितिन अग्रवाल (एम.डी., प्रयाग पॉलिमर्स), श्री अजय कुमार अंकुश गुप्ता (अशोक विहार)
श्रीमति अंजना विपिन मित्तल (शिवाजी पार्क, पंजाबी बाग), श्रीमति सरिता इशवंत बंसल (रोहिणी, ट्रम्प शूज), श्री अतुल गुप्ता (सी.ए.) क्षितिज गुप्ता (शिवाजी पार्क, पंजाबी बाग), श्री राजकुमार गनपत लाल गोयल (पूर्वी पंजाबी बाग)

## दर्शनाभिलाषी, प्रबंधक कमेटी

गनपत लाल गोयल — प्रधान
दीवान चन्द गुप्ता — महामंत्री
अतुल गुप्ता — कोषाध्यक्ष
किशन गुप्ता — वरिष्ठ उप-प्रधान
पवन कुमार गोयल — मुख्य परामर्शदाता

उप-प्रधान: अशोक कुमार गुप्ता | मनीष अग्रवाल | राजेन्द्र गोयल | विनोद कुमार बंसल
मंत्री: दीपक जिंदल | राजेश केजरीवाल | संदीप तायल | विजेन्द्र कमार मित्तल

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य

मीडिया पार्टनर : पावन संसार - राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI No. DELHIN/2011/40220, Postal No. G-3/DL(N)/267/2024-26, Date of Publication:- 27-03-2025


With Blessings and Guidance of



Sd. Manjeet Singh Sachdev

HJ REAL ESTATES





Sd. Jasbier Siingh Sachdev

Sathbir Siingh Sachdeva
Managing Director

# HJ REAL ESTATES

All Your Real Estate Needs
Under One Roof

Rental
14%
Guarantee

Discount
upto
4 LAC

## HJ REAL ESTATES

YOUR TRUSTED PARTNER AT YOUR SERVICE

# INVEST IN DUBAI

Properties starting from 2 CR

8%-15% GUARANTEED ROI

Do your Booking
only 2% in INDIA
and
Get free Family Trip in
DUBAI
for 3 Days

**Dubai Office :**
Office No.1104, Silver Tower,
Business Bay, Dubai, UAE
Tel. : +971 4 3262191,
Mob. : +971 50 8516201
E-mail : sathbirsiinghsachdeva@harjaase.com

**Delhi Office :**
38, NWA, First Floor, Club Road,
West Punjabi Bagh, New Delhi-110026

WE ARE COMING BACK WITH EXCITING OFFER

## FREE TRIP TO DUBAI

REGISTER NOW

INDIA : 76543 21086
77000 77171
99919 22919
DUBAI : +971 54 378 1770

www.hjrealestates.com


स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवम सम्पादक : वीरेन्द्र कुमार द्वारा आर.डी प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए—41, सैक्टर—8, नोएडा, यू.पी.—201301 से मुद्रित तथा डी—4, प्रथम तल, सैफवे हाऊस, सेन्ट्रल मार्किट, प्रशान्त विहार, दिल्ली—85 से प्रकाशित। नोट : न्यायालय सम्बन्धित सभी मामले दिल्ली में ही निपटाये जाएंगे। और लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।